

# लामडिंग दर्पण

## पूर्वोत्तर सीमा रेल, लामडिंग मंडल

वर्ष 9 अंक 35 जुलाई–सितम्बर 2018

### लामडिंग मंडल में नई गाड़ियों का शुभारंभ

माननीय केंद्रीय रेल राज्य मंत्री श्री राजेन गोहांई और त्रिपुरा के माननीय मुख्यमंत्री श्री विप्लव कुमार देव तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने 06 जुलाई 2018 को संयुक्त रूप से 15625/15626 अगरतला–देवघर एक्सप्रेस (साप्ताहिक) को हरी झंडी दिखलाकर रवाना किया। यह गाड़ी 39 घंटे में 1464 किलोमीटर की यात्रा तय करेगी।





15625/15626 अगरतला–देवघर एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखलाते हुए माननीय केंद्रीय रेल राज्य मंत्री श्री राजेन गोहांई, त्रिपुरा के माननीय मुख्यमंत्री श्री विप्लव कुमार देव, महाप्रबंधक पूर्वोत्तर सीमा रेल श्री संजीव रॉय तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों का एक दृश्य।

### स्वच्छता ही सेवा - पखवाड़ा का पालन

लामडिंग मंडल में 15 सितम्बर 2018 से 02 अक्टूबर 2018 तक "स्वच्छता ही सेवा–पखवाड़ा" का पालन किया गया। इस दौरान स्वच्छता जागरूकता, स्वच्छ संवाद, स्वच्छ स्टेशन, स्वच्छ रेलगाड़ी, सेवा दिवस, स्वच्छ परिसर, स्वच्छ आहार, स्वच्छ नीर, स्वच्छ प्रसाधन, स्वच्छ प्रतिस्पर्धा आदि विषयों पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। पखवाड़ा का शुभारंभ 15 सितम्बर 2018 को मंडल रेल प्रबंधक, श्री आशीष शर्मा द्वारा रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलवाकर किया गया। पखवाड़ा के दौरान नुक्कड़ नाटकों का आयोजन भी किया गया।



मंडल रेल प्रबंधक, श्री आशीष शर्मा द्वारा रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलवाए जाने का एक दृश्य।

स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान रेलवे स्टेशन, लामडिंग में नुक्कड़ नाटक के आयोजन का एक दृश्य।



" हिंदी वह भाषा है, जो विभिन्न मातृभाषा रूपी फूलों को पिरोकर भारत के लिए सुन्दर हार का सृजन करती है। "

## स्वतंत्रता दिवस 2018 का पालन
### कार्यक्रम की कुछ झलकियाँ







मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, लामडिंग के परिसर में 15 अगस्त 2018 (बुधवार) को 72वां स्वतंत्रता दिवस बड़े धूम-धाम से मनाया गया। समारोह में मंडल रेल प्रबंधक/लामडिंग, श्री आशीष शर्मा मुख्य अतिथि थे। मंडल के अधिकारियों, कर्मचारियों, संगठित यूनियनों के प्रतिनिधियों और उनके परिजनों, स्कूल के बच्चों, एनसीसी, स्काउट्स और गाइड टीम के साथ अपर मंडल रेल प्रबंधक/लामडिंग, श्री सुरथ जानि भी समारोह में उपस्थित थे। समारोह के मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक, श्री शर्मा द्वारा राष्ट्रीय तिरंगा फहराया गया, इसके बाद राष्ट्रीय गान हुआ और राष्ट्रीय सलामी ली गयी। समारोह में नन्हें बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।









31 जुलाई 2018 को आयोजित सेवानिवृत्ति बैठक का दृश्य।

## कार्मिक कल्याण

जुलाई–सितम्बर 2018 के दौरान सेवानिवृत्ति के कुल 75 मामलों का निपटारा किया गया।

अवधि के दौरान अनुकंपा के आधार पर समूह 'ग' में कुल 19 अभ्यर्थियों को रेलवे में नियुक्ति प्रदान की गई।

अवधि के दौरान अनुकंपा के आधार पर समूह 'घ' में कुल 43 अभ्यर्थियों को रेलवे में नियुक्ति प्रदान की गई।

## लामडिंग मंडल में नवागत अधिकारी

श्री अमरनाथ झा : आपने 24 जुलाई 2018 को वरिष्ठ मंडल यॉंत्रिक इंजीनियर/लामडिंग के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है।

श्री विवेकानंद दास : आपने 25 जुलाई 2018 को मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/मालीगॉव के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है।

श्री तापस विश्वास : आपने 30 जुलाई 2018 को सहायक सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/लामडिंग के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है।

श्रीमती रत्ना सी. बनर्जी : आपने 08 अगस्त 2018 को सहायक मंडल बिजली इंजीनियर/कामाख्या के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है।

लामडिंग मंडल में आप सभी का हार्दिक स्वागत है।

**राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3)** के अंतर्गत 14 कानूनी दस्तावेज आते हैं, जिन्हें अनिवार्यतः हिंदी व अंग्रेजी में एक साथ तैयार, निष्पादित एवं जारी किया जाना चाहिए। मौजूदा कानून के अनुसार कोई भी अधिकारी ये दस्तावेज केवल एक भाषा में निष्पादित/जारी करने के लिए प्राधिकृत नहीं है। ये 14 दस्तावेज निम्नलिखित हैं–

1. सामान्य आदेश (General Order)
2. संकल्प (Resolutions)
3. नियम (Rule)
4. प्रेस विज्ञप्तियाँ (Press Communiques)
5. सूचनाएं (Notices)
6. निविदा प्रारूप (Tender Form)
7. संविदा (Contract)
8. करार (Agreement)
9. अनुज्ञप्ति (Licence)
10. अनुज्ञा पत्र (Permit)
11. अधिसूचना (Notification)
12. प्रशासनिक या अन्य प्रतिवेदन (Administrative or other reports)
13. संसद में प्रस्तुति हेतु प्रशासनिक और अन्य प्रतिवेदन (Administrative or other reports to be laid in Parliament)
14. संसद में प्रस्तुति हेतु राजकीय कागजात (Official papers to be laid in Parliament)

धारा 3(3) के अनुपालन की जिम्मेदारी उन पर हस्ताक्षर करने वाले अधिकारी की होती है।

## मंडल की विविध गतिविधियाँ

### सद्भावना दिवस का पालन

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर 20 अगस्त 2018 को सद्भावना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मंडल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सद्भावना प्रतिज्ञा ली तथा उन लोगों को सम्मान पूर्वक याद किया गया जिन्होंने जनता के विकास और कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया।

### सार्वजनिक शासन में नैतिकता एवं सत्यनिष्ठा मिशन

भारतीय रेल ने सार्वजनिक शासन में नैतिकता पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया और 27 जुलाई 2018 को सत्यनिष्ठा मिशन प्रारंभ किया। लामडिंग मंडल में इसका पालन किया गया और इसे वरिष्ठ अधीनस्थों के लिए वेवकाष्ट भी किया गया। इस अवसर पर भ्रष्टाचार समाप्त करने और पुरी निष्ठा के साथ रेलवे की सेवा करने के लिए प्रतिज्ञा ली गयी।

### विशेष संरक्षा बैठक का आयोजन

03 अगस्त 2018 को मंडल रेल प्रबंधक/लामडिंग, श्री आशीष शर्मा की अध्यक्षता में समपार फाटक जागरूकता के संबंध में एक विशेष संरक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में लामडिंग मंडल के वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी के साथ-साथ अन्य विभागों के वरिष्ठ मंडल अधिकारियों, मंडल अधिकारियों, सहायक मंडल अधिकारियों तथा यातायात निरीक्षकों, वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर/रेलपथ और संरक्षा सलाहकारों ने हिस्सा लिया।



विशेष संरक्षा बैठक के आयोजन का एक दृश्य।

## राजभाषा की विविध गतिविधियाँ

### हिंदी पुस्तकालय एवं वाचनालय का नामकरण

मुख्य राजभाषा अधिकारी, पूर्वोत्तर सीमा रेल, मालीगॉव, श्री राज कुमार मंगला के करकमलों से 16 जुलाई 2018 को गुवाहाटी स्टेशन में स्थापित हिंदी पुस्तकालय एवं वाचनालय के नए नामकरण (मामोनी रायसम गोस्वामी हिंदी पुस्तकालय एवं वाचनालय, गुवाहाटी स्टेशन) के नामफलक का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक (राजभाषा) मालीगॉव सहित मुख्यालय एवं मंडल के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।



मामोनी रायसम गोस्वामी हिंदी पुस्तकालय एवं वाचनालय, गुवाहाटी स्टेशन

### मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति, लामडिंग मुख्यालय की बैठक

17 जुलाई 2018 को मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति, लामडिंग मुख्यालय की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्मिक तथा वाणिज्य विभाग ने अपने-अपने कार्यालयों में राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार से संबंधित कार्यों का प्रेजेन्टेशन प्रस्तुत किए। बैठक के दौरान एक कवि गोष्ठी कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें मंडल के 05 कवियों ने अपनी-अपनी कविताएं सुनाई। इस दौरान मुख्यालय मालीगॉव से पधारे उप महाप्रबंधक (राजभाषा), श्री लक्ष्मण शिवहरे ने भी अपनी कविता सुनाई।



मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति, लामडिंग की बैठक का एक दृश्य।

### क्षेत्रीय हिंदी नाटक प्रतियोगिता



मुख्यालय मालीगॉव में ''औरों के पास, अपनों से दूर'' नाटक के मंचन का एक दृश्य।

मुख्यालय मालीगॉव के रंग भवन में 10 अगस्त 2018 को आयोजित क्षेत्रीय हिंदी नाटक प्रतियोगिता में लामडिंग मंडल की नाटक टीम द्वारा हिंदी नाटक ''औरों के पास, अपनों से दूर'' का मंचन किया गया। इस नाटक में सर्वश्रेष्ठ अभिनय के लिए नाटक के बाल कलाकार तथा उत्तम अभिनेता को महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल द्वारा पुरस्कार एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।



नाटक के बाल कलाकार को स्मृति चिह्न प्रदान करते हुए महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल।

प्रश्न : अष्टम अनुसूची के अंतर्गत कौन-कौन सी भाषाएं आती हैं?

उत्तर : भारत के संविधान की अष्टम अनुसूची के अंतर्गत आने वाली 22 भाषाएं निम्नलिखित हैं -

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. असमिया | 2. ओडिया | 3. उर्दु | 4. कन्नड़ | 5. कश्मीरी | 6. गुजराती |
| 7. तमिल | 8. तेलुगु | 9. पंजाबी | 10. बंगला | 11. मराठी | 12. मलयालम |
| 13. संस्कृत | 14. सिंधी | 15. हिंदी | 16. मणिपुरी | 17. नेपाली | 18. कोंकणी |
| 19. मैथिली | 20. संथाली | 21. बोडो | 22. डोगरी | | |

## राजभाषा सप्ताह 2018 का पालन

लामडिंग मंडल में 14 सितम्बर 2018 से 21 सितम्बर 2018 तक राजभाषा सप्ताह का पालन किया गया। इस दौरान 15 सितम्बर को गुवाहाटी स्टेशन में, 18 सितम्बर को मंडल मुख्यालय लामडिंग में तथा 19 सितम्बर को बदरपुर स्टेशन में रेल कर्मचारियों के लिए राजभाषा प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अलावा 21 सितम्बर को मुख्यालय लामडिंग में रेल अधिकारियों/कर्मचारियों के बच्चों के लिए हिंदी कविता पाठ तथा राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रोत्साहन पुरस्कार तथा अन्य सभी प्रतिभागियों को प्रेरणा पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

18 सितम्बर को मंडल मुख्यालय लामडिंग में रेल कर्मचारियों के लिए राजभाषा प्रश्न-मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



कर्मचारियों के लिए आयोजित राजभाषा प्रश्न- मंच प्रतियोगिता का दृश्य।

### हिंदी दिवस का पालन

मंडल में 14 सितम्बर 2018 को हिंदी दिवस का पालन किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक द्वारा केंद्रीय रेलमंत्री के हिंदी दिवस संदेश के माध्यम से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग-प्रसार करने का संदेश दिया गया।



हिंदी दिवस के अवसर पर सभाकक्ष में आयोजित बैठक का एक दृश्य।

### अधिकारियों के लिए राजभाषा प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन

14 सितम्बर 2018 को हिंदी दिवस के अवसर पर अधिकारियों के लिए राजभाषा प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहन पुरस्कार तथा अन्य सभी प्रतिभागी अधिकारियों को प्रेरणा पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



अधिकारियों को पुरस्कार प्रदान करते हुए मंडल रेल प्रबंधक, श्री आशीष शर्मा।

19 सितम्बर 2018 को बदरपुर स्टेशन में रेल कर्मचारियों के लिए राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।




प्रतियोगिता में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों का एक दृश्य।

15 सितम्बर 2018 को गुवाहाटी स्टेशन में रेल कर्मचारियों के लिए राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



गुवाहाटी स्टेशन में आयोजित प्रतियोगिता में उपस्थित स्टेशन निदेशक, स्टेशन प्रबंधक/राजपत्रित तथा कर्मचारियों का एक दृश्य।

21 सितम्बर 2018 को मुख्यालय लामडिंग में रेल अधिकारियों/कर्मचारियों के बच्चों के लिए हिंदी कविता पाठ तथा राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रोत्साहन पुरस्कार तथा अन्य सभी प्रतिभागियों को प्रेरणा पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



संरक्षक
आशीष शर्मा
मंडल रेल प्रबंधक

सह संरक्षक
सुरथ जानि
अपर मंडल रेल प्रबंधक

मुख्य संपादक
सुनील कुमार
उप मुख्य राजभाषा अधिकारी
एवं वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक

संपादन एवं सहयोग
राधाकांत कोईरी
राजभाषा अधिकारी
राजकुमार चौहान
वरिष्ठ अनुवादक